आधा सैकड़ा मजदूरों को कराया मुक्त

चित्रकूट | **निज संवाददाता**

हरियाणा प्रांत के फतेहाबाद जनपद में बंधुआ बनकर मजदूरी कर रहे जिले के आधा सैकड़ा मजदूरों को बंधुआ मुक्ति मोर्चा ने मुक्त कराया है। इनको लेकर मोर्चा ने फतेहाबाद के जिलाधिकारी से शिकायत भी दर्ज कराई थी। वहां के उपायुक्त ने मामले को संज्ञान में लेकर मजदूरों को मुक्त कराकर ट्रक के जरिए वापस घर भेजने का इंतजाम किया।

बंधुवा मुक्ति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष दलसिंगार ने बताया कि रोजगार के अभाव में यहां के मजदूर अन्य राज्यों में पलायन करते है। वहां पर उनको बंधुआ बनाकर उनसे काम लिया जाता है। बीते 16 मार्च उनके समक्ष ईंट-भट्ठा में कार्यरत मज़दूरों के परिवार वालों ने लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। बताया कि पिछले कई महीने से हरियाणा के जनपद फतेहाबाद के ग्राम नेहला में चित्रकूट के 47 बाल एवं बंधुआ मजदूरों से जबरिया ईंट पथाई का कार्य कराया जा रहा है। जब मज़दूरों ने जबरदस्ती काम करने से मना किया तो ईंट भट्ठा मालिक ने एक मजदूर के ऊपर ट्रैक्टर चढ़ा दिया। जिसकी वजह से मजदूर भयभीत है। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि इस मामले में जिला उपायुक्त फतेहाबाद को पत्र लिखकर शिकायत दर्ज कराई गई। इसके साथ ही उपायुक्त से फोन पर बात की। उन्होनें तत्काल सभी बंधुआ मजदूरों को मुक्त कराया। अगले दिन बिना मुक्ति प्रमाण पत्र दिए सभी मज़दूरों को ठेला गाड़ी में बैठाकर रवाना किया।

मुक्त होकर अपने गांव पहुंचे मजदूर। ● हिन्दुस्तान

सभी मजदूर अब अपने घर पहुंच गए है। इन मजदूरों में बगलई के राजाराम, शोभा, सुधा, मुन्नीलाल, राजाबाई, हरिश्चद्र, रत्ती, कमला, मनीषा, मनोज, पूनम, नरेश, प्रेमता, नरेन्द्र, फूलचन्द्र, आशा, रिंकी, पिंकी, प्रीती, आंशू, भैंसौंधा के रामरहीम, हीरामनी, पूनम, चुनकावन, श्रवण, रामनारायण, चुनकी, विकाश, अवधेश, संतोशिया, अजय, मनधीर, राजू, गीता, पवन, शालिनी, मोनका आदि शामिल है।